# LILAVATIBAI PODAR HIGH SCHOOL (ISC)

## Preliminary Examination-2018-2019

**Subject: Hindi** **Points:80**

**Std : X** **Duration: 3 hrs**

### Instructions

Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during the first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.
This paper comprises two Sections - Section A and Section B.
Attempt all the questions from Section A and attempt any four questions from Section B, answering at least one question each from the two books you have studied and any two other questions.
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [].

**Section A-40 Marks**

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics.

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए। [15]

(i) 'भारत का वदलता रूप ' विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए तथा वताइए कि आज किन क्षेत्रों में भारत में वदलाव आ रहा है तथा वह किस प्रकार भारतवासियों के लिए हितकर है।

(ii) प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माता -पिता तथा अध्यापकों द्वारा वच्चों पर डाला जानेवाला दवाव अनुचित है।"इस कथन के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रकट कीजिए ।

(iii) एक ऐसी रोमांचक यात्रा का वर्णन कीजिए जिसमें कोई ऐसा व्यवधान उपस्थित हुआ हो जिसे पार करने में आपने रोमांचकारी अनुभव प्राप्त किया हो।

(iv) "कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती, लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती" इस पंक्ति से आरंभ करते हुए कोई मौलिक कहानी लिखिए।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार वनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संवंध चित्र से होना चाहिए।



This Paper consists of 5 printed sides.

AMBIKA BOOK DEPOT
Vasant Utsav.

Scanned by CamScanner

Question:2

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below:-

निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर हिन्दी मे पत्र लिखिए जो 120 शब्दों से कम न हो। [7]

(i) आपका छोटा भाई पाठ्यक्रम में केवल निर्धारित पुस्तकों का ही अध्ययन करता है। उसमें स्वाध्याय की प्रवृत्ति का विकास करने हेतु उसे अतिरिक्त पुस्तक -पत्रिकाओं के अध्ययन के महत्व से परिचित कराते हुए पत्र लिखिए।

OR( अथवा)

(ii) अपने नगर के सड़क निर्माण विभाग को पत्र लिखकर बताइए कि लगभग एक माह पहले उनके कर्मचारियों ने आपकी कॉलोनी की सड़कें ठीक करने के लिए खोदी थीं। सड़कें अभी तक बनी नहीं हैं। अनुरोध कीजिए कि इस ओर प्रशासन के द्वारा ध्यान दिया जाए।

Question:3

Read the following passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible:-

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। उत्तर जहाँ तक हो सके आपके अपने शब्दों में होने चाहिए।

महान कमालपाशा उन दिनों अपने देश तुर्की के राष्ट्रपति थे। राजधानी में उनकी वर्षगाँठ बहुत धूमधाम से मनायी गई। देश के लोगों ने उस दिन लाखों रूपये के उपहार उन्हें भेंट किए। वर्षगाँठ का उत्सव समाप्त कर जब वे अपने भवन में ऊपर चले गए ,तो एक देहाती बूढ़ा उन्हें वर्षगाँठ का उपहार भेंट करने आया। सेक्रेटरी ने कहा ,"अब तो समय बीत गया है।" बूढ़े ने कहा ,"मैं तीस मील से पैदल चलकर आ रहा हूँ इसलिए मुझे देर हो गई।"

राष्ट्रपति तक उसकी सूचना भेजी गई। कमालपाशा विश्राम के वस्त्र बदल चुके थे। वे उन्हीं कपड़ों में नीचे चले आए और उन्होंने आदर के साथ बूढ़े किसान का उपहार स्वीकार किया । यह उपहार मिट्टी की छोटी सी हँडिया में पाव- भर शहद था ,जिसे बूढ़ा स्वयं तोड़ लाया था। कमालपाशा ने हँडिया को स्वयं खोला और उसमें से दो उंगलियाँ भरकर चाटने के बाद बूढ़े को भी खिलाया । बूढ़ा निहाल हो गया।

राष्ट्रपति ने कहा ,दादा आज सर्वोत्तम उपहार तुमने ही मुझे भेंट किया ,क्योंकि इसमें तुम्हारे हृदय का विशुद्ध प्यार है। उन्होंने आदेश दिया कि राष्ट्रपति की शाही कार में शाही सम्मान के साथ उनके दादा को गाँव तक पहुँचाया जाए। क्या वह शहद बहुत कीमती था ?क्या उसमें मोती -हीरे मिले हुए थे ? ना ,उस शहद के पीछे उसके लाने वाले की भावना थी ,जिसने उसे सौ लालों का एक लाल बना दिया।

"हम कैसे जान सकते हैं कि हमारा काम देश के अनुकूल है या नहीं ?"

हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और सबसे ज्यादा जरूरत है -एक शक्तिबोध और दूसरा सौंदर्यबोध । बस इतना समझ लें कि हमारा कोई कार्य ऐसा न हो ,जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरूचि की भावना को। लो,मैं अपनी बात को और स्पष्ट करता हूँ।

क्या आप कभी अपने देश के साथ दूसरे देशों की तुलना करते हैं और इस तुलना में अपने देश को हीन और दूसरे देशों को श्रेष्ठ सिद्ध करते हैं?

यदि इस प्रश्न का उत्तर 'हाँ' है , तो आप देश के शक्तिबोध को भयंकर चोट पहुँचा रहे हैं । यदि आप इस की चर्चा कभी नहीं करते,तो मैं आपसे दूसरा प्रश्न पूछता हूँ । क्या आप कभी केला खाकर छिलका रास्ते में फेंकते हैं? अपने घर का कूड़ा बाहर फेंकते हैं?मुँह से गंदे शब्दों में गंदे भाव प्रकट करते हैं?निमंत्रित होने पर समय से लेट पहुँचते हैं ?यदि आपका उत्तर 'हाँ' है ,तो आपके द्वारा देश के सौंदर्यबोध को भयंकर आघात लग रहा है तथा संस्कृति को गहरी चोट पहुँच रही है।

Scanned by CamScanner

क्या कोई ऐसी कसौटी भी बनाई जा सकती है ,जिससे देश के नागरिकों को आधार बनाकर देश की उच्चता या हीनता को हम तोल सकें?
हाँ ! इस उच्चता और हीनता की कसौटी है' चुनाव '।
जिस देश के नागरिक यह समझते हैं कि चुनाव में किसे अपना मत देना चाहिए और किसे नहीं ,वह देश उच्च है और जहाँ के नागरिक गलत लोगों के उत्तेजक नारों या व्यक्तियों के गलत प्रभाव में आकर मत देते हैं ,वह हीन हैं।

(i) कमालपाशा के लिए बूढ़ा क्या उपहार लाया था ?उसके उपहार को सर्वोत्तम क्यों कहा गया ? [2]

(ii) हमारे देश को कौन -सी दो बातों की जरूरत है ?समझाइए। [2]

(iii) लोग देश के शक्तिबोध को चोट कैसे पहुँचाते हैं ? [2]

(iv) देश की उच्चता और हीनता को तोलने के लिए कौन -सी कसौटी बनाई गई और किस प्रकार ?स्पष्ट करें ? [2]

(v) प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

**(i)** निम्नलिखित शब्दों में से दो शब्दों के विलोम लिखिए। [1]
साक्षर , जागरण , आशीर्वाद , अग्रज

**(ii)** निम्नलिखित शब्दो में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [1]
विश्वास , रचना

**(iii)** निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए। [1]
स्वप्न ,व्यक्ति

**(iv)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। [1]
सार्मथ्य , रामायन , टेड़ा ,ज्योतस्ना

**(v)** निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए। [1]
हाथ मलना , लोहा मानना

**(vi)** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए। [3]

(1)भ्रष्टाचार और अन्याय का सब विरोध करते हैं।( अपूर्ण भूतकाल में वाक्य लिखिए।)
(2)मैं मुंबई इतिहास से संबंधित स्थान देखने गया।( रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखिए।)
(3) माता - पिता का निर्णय सुनकर उसे प्रसन्नता नहीं हुई।("नहीं "शब्द को हटाइए किन्तु वाक्य का अर्थ न बदले।)

Scanned by CamScanner

## Section:B ( 40 Marks)

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**काकी के लिए कई दिन तक लगातार रोते- रोते उसका रूदन तो क्रमशः शांत हो गया ,परंतु शोक शांत नहीं हुआ। वर्षा के अनंतर एक या दो दिन में ही पृथ्वी के ऊपर का पानी तो अगोचर हो जाता है,परंतु भीतर- ही -भीतर उसकी आर्द्रता जैसे बहुत दिन तक बनी रहती है,वैसे ही उसके अंतस्तल में वह शोक जाकर बस गया था।**

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में पृथ्वी और आर्द्रता का उदाहरण किस संदर्भ में दिया गया है स्पष्ट कीजिए। [2]

(ii) असत्य के आवरण में कौन सा सत्य छिपा था और वह सत्य कैसे प्रकट हुआ ? [2]

(iii) काकी कौन थी?उसे कौन ,कहाँ लाना चाहता था? [3]

(iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए ।

**मरने के लिए उसे वही जगह ,वही दस बरस की उम्र और वही काले चिथड़ों की कमीज मिली। आदमियों की दुनिया ने बस यही उपहार उसके पास छोड़ा था।"**

(i) मृत पहाड़ी बालक की किसने और क्यों मदद नहीं की? [2]

(ii) लेखक और उसके मित्र की मुलाकात पहाड़ी बालक से कब और कहाँ हुई थी ? [2]

(iii) "आदमियों की दुनिया ने बस यही उपहार छोड़ा था " कथन के माध्यम से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहते हैं? [3]

(iv) बालक को मृत्यु के मुँह से कैसे बचाया जा सकता था ?ऐसी दशा में समाज का क्या कर्तव्य होना चाहिए?अपने विचार लिखिए। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**कागज पर इन निर्जीव चित्रों को बनाने के बजाय दो -चार की जिंदगी क्यों नहीं बना देती ! तेरे पास सामर्थ्य है ,साधन है।**

(i) उपर्युक्त कथन को सुनकर श्रोता ने क्या उत्तर दिया? उसकी प्रतिकिया क्या थी ? [2]

(ii) वक्ता को श्रोता की कला निरर्थक क्यों लगती है? [2]

(iii) विदेश में श्रोता को किस चित्र से लोकप्रियता मिली ? उस चित्र की क्या विशेषता थी ? [3]

(iv) कहानी के आधार पर वक्ता और श्रोता के चरित्र की तुलना कीजिए। किसे आप सही मायने में सच्चे कलाकार की संज्ञा देंगे? समझाइए। [3]



AMBIKA BOOK DEPOT

Scanned by CamScanner

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**अरे तुम यहाँ खड़ी हो ?जाकर तैयारी करो स्वागत की ।जरा यह भी तो देख लें कि नाकवाले अपनी बेटी का स्वागत किस प्रकार करते हैं ?**

(I) उपर्युक्त पंक्तियों में किसके स्वागत की बात हो रही है ? उसका विशेष स्वागत क्यों किया जा रहा है ? [2]

(ii) प्रमोद ,जीवनलाल से क्या विनती करता है ? जीवनलाल उसकी विनती क्यों अस्वीकार कर देता है? [2]

(iii) 'नाकवाले ' से क्या तात्पर्य है? इस शब्द को सुनकर श्रोता की क्या प्रतिक्रिया होती है? [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी किस सामाजिक बुराई की ओर संकेत करती है ? क्या यह बुराई समाज से दूर की जा सकती है? समझाकर लिखिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**निश्चय ही महाराज ! हम संपूर्ण राजपूत जाति की ओर से इस अमर आत्मा के आगे अपना मस्तक झुकाएँ।**

(i) "अमर आत्मा "किसे कहा जा रहा है और क्यों ? [2]

(ii) वक्ता अपने किस अपराध के लिए क्षमा माँगता है ? [2]

(iii) महाराज के पास अभय सिंह क्या प्रस्ताव लेकर गए थे?उन्होंने क्या कहकर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया? अपने शब्दों में लिखिए। [3]

(iv) 'मातृभूमि की रक्षा हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए 'कथन की सत्यता एकांकी के संदर्भ में कीजिए। [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**"मैं कहा करता हूँ न बेटा कि एक बार से जो डाली टूट गई उसे लाख पानी दो ,उसमें वह सरसता नहीं आएगी और हमारा यह परिवार बरगद के इस महान पेड़ की भाँति है।"**

( i) ऐसी कौन सी घटना घटी कि वक्ता के मन में इस प्रकार के विचार आए? [2]

( ii) दादाजी अपने परिवार की तुलना बरगद के पेड़ से क्यों कर रहे हैं वे बरगद के पेड़ को महान क्यों कह रहें हैं? [2]

( iii) प्रस्तुत एकांकी में आपको सबसे अच्छा चरित्र किसका लगा और क्यों? सोदाहरण समझाइए। [3]

( iv) प्रस्तुत एकांकी के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहते हैं ? स्पष्ट कीजिए। [3]

AMBIKA BOOK DEPOT
Shop No. 1, ... Vasant Utsav,

Scanned by CamScanner